तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 ड्यूटी से स्वास्थ्य कर्मी गैरहाजिर, कटेगा वेतन



## खबर संक्षेप

### ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

**बैकुण्ठपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग सोनहत के द्वारा विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 10 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह होगी। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। शाला प्रवेशोत्सव को सफल बनाने के लिए सुंदरपुर संकुल क्षेत्र के विभिन्न शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पेयजल परियोजना के लिए मिली स्वीकृति

**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से



चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है। अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रूपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### प्यार और सद्भाव की दे रही प्रेरणा..



**बैकुण्ठपुर।** शहर के मुख्य मार्ग में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जो यह बताने के लिए काफी है कि इंसानों के बीच भले ही दीवारे हो, लेकिन ये बेजुबान दोस्त यह संदेश दे रहे हैं कि निःस्वार्थ प्रेम की दोस्ती किसी सीमा को नहीं मानती। मासूम बछड़ा एवं कुत्ते का यह दृश्य सिर्फ एक तस्वीर नहीं बल्कि प्यार और सद्भाव की हमें प्रेरणा देने वाला है।

### गुरु पूर्णिमा के लिए संयोजकों की सूची घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा आयोजित आगामी गुरु पूर्णिमा उत्सव के लिए संयोजकों की सूची घोषित की गई है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले द्वारा दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को संयोजक के रूप में प्रस्तावित किया गया है। संयोजकों में द्वारिका जायसवाल एवं राहुल सिंह को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। 10 जुलाई को जिलेभर में भाजपा द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### जनदर्शन में 20 आवेदन हुए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

## उत्पादन रहा ठप, श्रमिकों ने जमकर बोला हल्ला

# श्रमिकों की हड़ताल से एसईसीएल को नुकसान



हड़ताल में शामिल श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

केन्द्र सरकार की श्रम नीतियों के विरोध में 9 जुलाई को देशभर में श्रमिक संगठनों ने एकजुट होकर भारत बंद का आह्वान किया है। इसके तहत कोरिया जिले में बुधवार को एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा आरओ समेत पूरे क्षेत्र में एक दिवसीय आम हड़ताल का आयोजन किया गया। इस हड़ताल में एचएमएस, एटक, इंटक, सीटू समेत सभी प्रमुख श्रमिक संगठनों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया।

हड़ताल का असर इतना व्यापक रहा कि एक भी कामगार ड्यूटी पर नहीं पहुंचा और पूरा उत्पादन कार्य पूर्णतः ठप रहा। प्रभाव इतना गहरा रहा कि कटगोड़ी साफ्ट की ओर जाने वाली बसें पूरी तरह खाली रहीं। हॉस्पिटल, स्टोर ऑफिस और महिला कर्मियों सहित सभी वर्गों ने हड़ताल में भागीदारी की। जरूरी कालीन सेवाएं भी प्रभावित हुइं, जबकि इन सेवाओं की सूची में नामित कर्मी भी कार्य पर नहीं पहुंचे। श्रमिक





खाली बस।

संगठनों ने चार श्रम संहिताओं में किए गए बदलावों को श्रमिक विरोधी बताया और इन 7 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध दर्ज किया। इसमें मजदूरी संहिता में श्रमिक विरोधी बदलाव के खिलाफ, औद्योगिक संबंध संहिता में संशोधन के खिलाफ, सामाजिक सुरक्षा संहिता में कटौती के विरोध में, कार्यस्थल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संहिता में संशोधन के खिलाफ, कोल इंडिया के निजीकरण और कोल ⏭ शेष पेज 4 पर

## हड़ताल के दौरान ट्रक की चपेट में आए ठेका श्रमिक की मौत, चालक फरार

पटना। झिलिमिली सहक्षेत्र के पाण्डवपारा कोयला खदान में बुधवार को अखिल भारतीय आम हड़ताल के दौरान एक ठेका श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गई। संयुक्त कोयला श्रमिक



मृतक।

संगठन के बैनर तले चार प्रमुख ट्रेड यूनियनों हिन्द मजदूर सभा, एटक, इंटक और सीटू द्वारा कोयला परिवहन और उत्पादन पूर्णतः ठप कर दिया गया था, लेकिन प्रबंधन द्वारा जबरन कोयला परिवहन शुरू कर दिया गया। शाम 4:15 बजे कोल परिवहन में लगी ट्रक क्रमांक सीजी 15 इजी 0848 का चालक राजेश, आंदोलन स्थल से जबरन ट्रक निकाल रहा था, तभी पाण्डवपारा मस्जिद दफाई निवासी 35 वर्षीय ठेका श्रमिक संदीप ग्वाले ट्रक की चपेट में आ गया। उसका दायां पैर बुरी तरह कुचल गया और शरीर में गंभीर चोटें आईं। घायल संदीप को तत्काल पटना चिकित्सालय लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला और कुछ दूरी पर ट्रक को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। घटना के बाद मौके पर तनाव फैल गया। हड़ताल कर रहे विजय दादर, विजय तिर्की, ⏭ शेष पेज 4 पर

### जांच की जा रही

घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामले ने अब तूल पकड़ लिया है और मजदूर संगठनों में भारी असंतोष व्याप्त है।

-राजेश तिवारी
थाना प्रभारी पटना



प्रदर्शन करते श्रमिक।



# कल से होगी सावन माह की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

श्रावण (सावन) माह की पावन शुरूआत इस वर्ष 11 जुलाई शुक्रवार से होगी। यह माह भगवान शिव को समर्पित होता है और पूरे महीने श्रद्धालु भोलेनाथ की पूजा-अर्चना, व्रत एवं जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित करते हैं।

- शिवालयों में गूंजेगा बम-बम भोले, होगी विशेष पूजा-अर्चना

श्रावण मास के दौरान प्रत्येक सोमवार को श्रावण सोमवारी व्रत रखा जाता है, जिसमें भक्तजन उपवास रखते हैं और शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद व बेलपत्र अर्पित कर शिव आराधना करते हैं। इस बार सावन का आरंभ शुक्रवार से होने के कारण धार्मिक दृष्टि से इसे विशेष फलदायी माना जा रहा है। श्रद्धालुओं के अनुसार यह दिन मां लक्ष्मी और भगवान शिव दोनों के पूजन के लिए श्रेष्ठ होता है। सावन माह के आगमन को देखते हुए स्थानीय शिव मंदिरों को सजाया जा रहा है। मंदिर समितियों द्वारा जलाभिषेक, रूद्राभिषेक, भजन-कीर्तन, शिवपुराण पाठ जैसे धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### कांवड़ यात्रा पर रहेगा विशेष उत्साह

सावन में कांवड़ यात्रा का भी विशेष महत्व है, जिसमें श्रद्धालु पवित्र नदियों से जल भरकर शिवालयों में अर्पित करते हैं। सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर प्रशासन भी तैयारियों में जुटा है।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य को नोटिस

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चरचा कॉलरी स्थित दाखिले के नाम पर अवैध वसूली और भेदभावपूर्ण व्यवहार की शिकायत सामने आई।

इसे लेकर एक अभिभावक ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन विशेष पहचान वालों, संरक्षित वर्गों और रूपए देने वालों को प्राथमिकता देता है, जो अभिभावक रूपए नहीं देते, उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि सीट फुल हो गई है। इतना ही नहीं शिकायत में यह भी उल्लेखित है कि लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों की सीटें, यदि वे दाखिला नहीं लेते, तो उन्हें भी मनमाने ढंग से भर दिया जाता है। जब अभिभावक सवाल करते हैं, तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बिजेन्द्र मानिकपुरी पर सीधा आरोप लगाया गया है कि वे न केवल अभिभावकों को अपमानित करते हैं, बल्कि दस्तावेज सत्यापन जैसे बुनियादी कार्यों के दौरान भी आम नागरिकों के साथ तिरस्कारपूर्ण व्यवहार करते हैं। यह रवैया विद्यालय की सामाजिक छवि और शैक्षणिक मर्यादा को नुकसान पहुंचा रहा है। शिकायत मिलने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लिया और संबंधित प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।





## मानवता, साहस और टीम वर्क की मिसाल बने चिरमिरी के युवा

**मनेन्द्रगढ़।** चिरमिरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 34 निवासी युवाओं ने मानवता, निर्भिकता और टीमवर्क की ऐसी मिसाल पेश की है, जो समाज को प्रेरणा देने वाली है। जंगल में लकड़ी लेने गई एक महिला दो दिनों से गहरी खाई में घायल अवस्था में पड़ी हुई थी, जिसे देखकर युवाओं ने बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और उसकी जान बचाई।

- 5 किलोमीटर पैदल सफर, खाई, अजगर और नाले के बीच घायल महिला की जान

इस साहसी अभियान में मुख्य भूमिका निभाने वाले युवाओं में निशांत, शनि, मोंटी, सुभाष महतो, आरकेश (मंटू पटेल), अंशु रजवाड़े और धीरज कुमार शामिल हैं। सबसे पहले निशांत, सनी और मोंटी को जंगल में नाले के पास खाई में गिरी महिला दिखाई दी। उन्होंने तुरंत राहुल भाई पटेल को इसकी सूचना दी। श्री पटेल ने आसपास के क्षेत्रों, विशेषकर खड़गवां में महिला की पहचान की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी न मिलने पर कोई भी उसे लेने जाने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद भी हार न मानते हुए उन्होंने एक टीम तैयार की और बचाव कार्य को अंजाम दिया।





### रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रमुख चुनौतियां

गहरी खाई से महिला को साड़ी और डंडे की मदद से बाहर निकाला गया। 5 किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ी, जिसमें घना जंगल, नाले, गहरा पानी, अजगर और उसके बच्चे जैसी कठिनाइयां थीं। जोखिम उठाते हुए भी युवाओं ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना महिला को खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यह कार्य सिर्फ साहस का नहीं, बल्कि जीवन के प्रति संवेदनशीलता और समाज के प्रति कर्तव्य बोध का परिचायक है।

### सम्मान और प्रेरणा का पात्र

समाज को चाहिए कि ऐसे युवाओं की हौसला अफजाई करे और प्रशासन स्तर पर उन्हें सम्मानित किया जाए, ताकि ऐसे कार्यों के लिए और भी लोग प्रेरित हो सकें।

## पीएम पोषण निर्माण योजनांतर्गत कन्या विद्यालय में न्योता

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया।

यह आयोजन विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक नंदलाल सोनी एवं वर्तमान प्राचार्य एएल गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्राओं को पोषणयुक्त भोजन के माध्यम से स्वास्थ्य और शिक्षा के बीच सामंजस्य स्थापित करना रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि यह योजना पूरी तरह से स्वैच्छिक है, जिसके अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था या सामाजिक संगठन किसी विशेष अवसर पर विद्यालयों में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में भाग ले सकता है, इससे सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बच्चों को बेहतर पोषण मिलता है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पोषण शक्ति निर्माण योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अलावा विशेष ⏭ शेष पेज 4 पर





### लिपिक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के तृतीय श्रेणी लिपिकों को सहायक ग्रेड-2 में पदोन्नति तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड 3 में पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान दिए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की स्थापना शाखा द्वारा कार्रवाई की जा रही है, जारी जानकारी के अनुसार जिन कर्मचारियों के नाम संलग्न सूची में नहीं हैं अथवा नाम होने के बावजूद उनका गोपनीय प्रतिवेदन या अचल संपत्ति विवरण कार्यालय में जमा नहीं है, ऐसे कर्मचारियों से आग्रह किया गया है कि वे संबंधित दस्तावेज 14 जुलाई को सायं 4 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि पदोन्नति और वेतनमान प्रक्रिया में उनका नाम यथासमय सम्मिलित किया जा सके।

## द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण का शपथ ग्रहण समारोह 12 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण का शपथ ग्रहण समारोह 12 जुलाई को शाम 4 बजे से होटल हसदेव इन में आयोजित किया जा रहा है।

- समारोह की तैयारी जोरों पर

इस अवसर पर क्लब की नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती बबीता अग्रवाल, सचिव श्रीमती मधु जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती सविता अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण विधिवत शपथ लेंगे। सभी माइक्रो चेयरपर्सन चेयरपर्सन का भी शपथ ग्रहण पीडीपी अनीता फरमानिया के द्वारा शपथ ग्रहण कराया जाएगा।







क्लब के उद्देश्यों के प्रति समर्पण और सामाजिक सेवा की भावना को लेकर यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए क्लब के पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम में नगर के विशिष्ट अतिथियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी से दुर्घटना की आशंका

# पुलों की सतह उखड़ी, बने गड्ढे, दिख रहा सरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के दूरस्थ विकासखंड मुख्यालय जनकपुर से कठौतिया मार्ग की आधा दर्जन पुल की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से पुल में जगह-जगह सतह उखड़कर गड्ढे होकर सरिया दिखने लगी है। पुल की सतह में बने गड्ढों और निकली हुई सरिया राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से गड्ढे नजर नहीं आते और दुपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अब तक इन गड्ढायुक्त पुलों से कई लोग घायल हो चुके हैं। इस मार्ग से होकर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ जाने वाले वाहन चालकों ने बताया कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी की वजह से समय-समय पर पुलों की मरम्मत कार्य नहीं होने से जनकपुर से कठोतिया मार्ग की आधा दर्जन पुलों की सतह अब उखड़ चुके हैं और लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है, जिससे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। बावजूद इसके न तो संबंधित विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। जर्जर हो रही इन पुलों का सुधार कार्य करने के लिए विभाग के जिम्मेदारों द्वारा अब तक कोई कार्य योजना, मरम्मत का कार्य नहीं की गई है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन से मांग की है कि जर्जर हो रही इन पुलों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता से करवाएं, ताकि लोगों की बड़ी दुर्घटना से बचाव हो सके।



जर्जर अवस्था में पुल।

### निबंध प्रतियोगिता में एश्वर्या को प्रथम पुरस्कार

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के तर्ज पर हिंदी साहित्य भारती जिला इकाई के संयोजक



सतीश उपाध्याय ने ऑपरेशन सिंदूर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इसमें प्रथम प्रतिभागी को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की गई थी। हिंदी साहित्य भारती के सौजन्य से आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में वार्ड नंबर 10 की ऐश्वर्या गर्ग को प्रथम पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। पेशे से सिविल इंजीनियर यश गर्ग की पत्नी ऐश्वर्या गर्ग राजनांदगांव में कम्युनिटी बेस्ड आई हॉस्पिटल में नेत्र सहायक अधिकारी के रूप में कार्य कर चुकी हैं। ऐश्वया को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर पर सर्वश्रेष्ठ निबंध के लिए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र के अतिरिक्त युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन की तरफ से नगद 1000 की राशि प्रदान की जाएगी।





## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 9 जुलाई को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

यह आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य नवयुवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और वोटर आईडी कार्ड बनवाने के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप एवं स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कुमार डे द्वारा छात्राओं को लोकतंत्र की मजबूती में उनकी भूमिका समझाने और इपिक कार्ड की उपयोगिता बताने से हुई। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और आगामी चुनावों में निर्भीक होकर मतदान करें। डॉ. सुमित कुमार डे ने वोटर आईडी कार्ड बनवाने की पूरी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। इसके बाद ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### सहकारिता दिवस पर सहकारी समितियों के परिसर में पौधरोपण



**धौरपुर।** विकासखण्ड धौरपुर, सहनपुर एवं डूमरडीह में सोमवार को भारी उत्साह के साथ सहकारिता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं प्रबंधक ने उपस्थित ग्रामीणों को सहकारिता के लाभ के बारे में बताया। संबोधन उपरांत समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने समिति परिसर में पौधरोपण किया तथा रोपित पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### तहसीलदार, उप कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ लिपिक का हुआ स्थानांतरण



**कुसमी।** सामरी तहसीलदार शशिकांत दुबे का स्वास्थ्यगत कारणों से सामरी तहसील से रायपुर कलेक्टर जिला रायपुर में स्थानांतरण हुआ है। इसी प्रकार उप कोषालय अधिकारी कुसमी प्रदीप गुप्ता का जिला रायगढ़ एवं वरिष्ठ लिपिक केआर बारी का संभागीय आयुक्त कार्यालय सरगुजा में प्रशासनिक रूप से स्थानांतरण हुआ है। शासन के आदेशानुसार सभी अधिकारी, कर्मचारी को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल से नवीन पदस्थापना स्थल हेतु भारमुक्त किए जाने के उपरांत अनुभाग प्रशासन द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया गया। कुसमी एसडीएम करुण डहरिया द्वारा सभी स्थानांतरित अधिकारी,कर्मचारी द्वारा किए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान तहसीलदार सुनील गुप्ता, नायब तहसीलदार पारस शर्मा, सीएमओ अरविंद विश्वकर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, एबीओ नन्द कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सहित सभी पटवारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल जाने के लिए तैयार हुआ छात्र घर से लापता

**बिश्रामपुर।** स्कूल जाने की तैयारी कर रहा एक बालक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है। मासूम बच्चे के गायब होने से हड़कंप मच गया है। बिश्रामपुर



पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय सत्यदीप कुजूर पिता संदीप कुजूर एसईसीएल आवासीय डिपार्टमेंटल कालोनी क्वार्टर नंबर 456 में अपनी बुआ अल्का कुजूर के पास रह रहा था।सत्यदीप कुजूर जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में रहकर पढ़ाई करता है, जो वर्तमान में यहां अपने बुआ घर आया हुआ था। सोमवार को उसकी बुआ अल्का कुजूर बच्चे को तैयार कर जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई पहुंचाने के लिए तैयार कर रही थी, कुछ देर पश्चात बालक सत्यदीप कुजूर रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है।देर शाम तक उसके वापस घर नहीं लौटने पर परिजन द्वारा मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी है।सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### गुरु पूर्णिमा पर पचीरा शिव मंदिर में विशाल भंडारा

**सूरजपुर।** रेण नदी तट पर स्थित ग्राम पचिरा में प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा का



पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मन्दिर के महंत बिहारी दास ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने भक्तसे से अधिक से अधिक संख्या भंडारा का प्रसाद प्राप्त करने की बात कही। 10 जुलाई को आयोजित भंडारे में भक्तों का सहयोग होता है। जिसमें सभी बढ़ चढ़ कर सेवा के कार्य भागीदारी बनते है। इस पुनीत कार्य के सहयोग में प्रवेश गोयल, नारायण बसंल, राम कृष्ण ओझा, ओंकार पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सतीश दुबे, शंभु अग्रवाल, रामाधीन गुप्ता, सौरभ तिवारी, श्याम नारायण दुबे, सुदर्शन राजवाड़े, श्याम जीत राजवाड़े,बसंत राजवाड़े सहित अन्य सक्रिय है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष केके अग्रवाल द्वारा बाहर से पधारे संत महात्माओं को दान दक्षिणा देकर विदा किया जाता है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की गई जान

अम्बिकापुर। खेत से पानी निकाल रहा युवक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम पुरकेला निवासी देवलाल नागेश आ. स्व. लक्ष्मण नागेश (26 वर्ष) रविवार को मूसलाधार बारिश होने तथा खेत में पानी भर जाने पर युवक दोपहर 1 बजे खेत से पानी निकालने गया था। युवक जानकी बाई के खेत के मेढ़ का काटने लगने तभी आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया।

## पुलिया के अभाव में वर्षों से परेशान हैं ग्रामीण

# खतरे के बीच उफनते नाले को पार कर बच्चों को स्कूल पहुंचाना बनी परिजन की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण नहीं होने के कारण बच्चों को अपना भविष्य गढ़ने के लिए खतरे के बीच उफनते नदी-नालों को पार कर स्कूल जाना पड़ रहा है। ग्रामीण दशकों से नाले पर पुलिया निर्माण करने की मांग कर रहे हैं लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है।

**खास बात**

- अनेकों बार शिकायत करने के बावजूद नहीं हो सका निर्माण

विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में कई ऐसे गांव हैं जो पुल-पुलियों के अभाव में बरसात में टापू बन जाते हैं। पुल-पुलियों के अभाव में बच्चों एवं मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि वे विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अनेकों बार स्थिति से अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल नहीं हो सकी है। दूरस्थ ग्राम पंचायत स्थित प्रायमरी स्कूल के दो नालों से घिरे होने के कारण ग्रामीणों को तो आवागमन में समस्या होती है सबसे बड़ी समस्या छोटे बच्चों को हाती है। प्राथमिक शाला के उत्तर दिशा में बेवदी नाला जबकि दक्षिण दिशा में बाघबुड़वा नाला बहता है जिसके कारण ग्राम पंचायत के पहाड़पारा एवं पुडरीपारा के छोटे बच्चों को पूरे साल नाला को पैदल पार कर स्कूल आना पड़ता है।



उफनते नाला को पार करते परिजन के साथ स्कूली बच्चे।

अन्य मौसम में नालों का जल स्तर कम होने के कारण बच्चों को आवागमन में कोई समस्या नहीं होती लेकिन बरसात के मौसम में उफनते नाले को पार करना चुनौती बन जाती है। खतरे को देखते हुए हर दिन परिजन बच्चों को गोद में उठा नाला पार कर स्कूल पहुंचाते हैं। स्कूल की छुट्टी होने पर भी परिजन बच्चों को लेने स्कूल जाते हैं। कई बार अचानक नाले का जल स्तर बढ़ने पर बच्चों व परिजन को घंटों जल स्तर कम होने का इंतजार करना पड़ता है। खतरे को देखते हुए बारिश के दौरान स्कूल की जल्दी छुट्टी कर दी जाती है ताकि बच्चे अपने परिजन के साथ सुरक्षित घर पहुंच जाएं।

**जल्द होगी निर्माण की पहल**

इस संबंध में ग्रामीणों की कोई मांग एवं शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं आई है। ग्राम पंचायत इस दिशा में पहल करे तो मनरेगा के माध्यम से पुलिया निर्माण की पहल तत्काल की जाएगी।

-सागर सिंह, एसडीएम

**परोगिया में भी संकट**

डांड़गांव। विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत कोरबा जिले की सीमा पर बसे ग्राम पंचायत परोगिया एवं छुरीपारा के ग्रामीणों को भी पुल के अभाव में भारी संकट का सामना करना पड़ता है। ग्राम पगोरिया एवं छुरीपारा के बच्चों को बाघहाथ नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार नदी का जल स्तर बढ़ने पर बच्चों को घंटों पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है। नदी में बाढ आने के दौरान कई बार बच्चों को किसी दूसर के घर में रूक कर रात गुजारने की स्थिति निर्मित हो जाती है। गांव में मिडिल स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को रोज 6 किमी का पैदल सफर कर ग्राम घाटबर्रा जाना पड़ता है। राशन सहित अन्य जरूरतों के लिए ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय का पैदल सफर करना पड़ता है।

**मरेगा में मिली थी स्वीकृति**

महुली के ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा बाघबुढ़वा नाला पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पुलिया निर्माण की स्वीकृति से ग्रामीण खुश थे कि अब उन्हें उफनते नाले को पैदल पार करने से मुक्ति मिल जाएगी। दो साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद अभी पुलिया का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीण पुलिया निर्माण की स्वीकृति जिपं द्वारा निरस्त करने की बात कह रहे हैं।

## आईटीआई के छात्रों ने प्रिंसिपल पर लगाया अभद्रता का आरोप, कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

आईटीआई के विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल पर अभद्रता का आरोप लगाया है। विद्यार्थियों कहना है कि उपस्थिति का हवाला देकर न सिर्फ परीक्षा फार्म भरने से मना कर बैठने से वंचित किया जा रहा है बल्कि उन्हें आईटीआई से धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया है। इधर छात्रों परीक्षा में बैठने दिए जाने की मांग की है साथ ही प्रिंसिपल के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आदिवासी छात्र-छात्राओं को प्रतापपुर अमनदोन में स्थित शासकीय आईटीआई में कोपा, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर का प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यार्थियों का आरोप है कि साल भर आईटीआई में खूब मेहनत की और जब परीक्षा फॉर्म भरने का समय आया तो उन्हें फार्म भरने से मना कर दिया। इधर प्रिंसिपल ने रेगुलर प्रशिक्षण लेने क्लास में नहीं आने तथा उपस्थिति भी 80 प्रतिशत से कम होने का हवाला देकर परीक्षा में बैठने के लिए पर्याप्त नहीं होने की बात कही। छात्र-छात्राओं ने आईटीआई परिसर में प्रिंसिपल के सामने घंटों निवेदन किया लेकिन प्रिंसिपल ने नियमों का हवाला देकर परीक्षा विद्यार्थियों की फॉर्म भरने से साफ इनकार कर दिया। जब एक छात्र प्रिंसिपल से साल भर की मेहनत खराब हो जाने की बात कही तो प्रिंसिपल आक्रोशित होकर छात्र को धक्के मार कर आईटीआई परिसर से बाहर निकाल दिया। प्राचार्य के अभद्र से छात्र-छात्राएं काफी दुखी हुए मौजूद छात्राओं ने चुपके से वीडियो बना ली और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। आईटीआई के छात्र एवं छात्राओं ने शासन प्रशासन से की मांग है कि कुछ घरेलू परेशानी तथा स्वास्थ्य समस्या के कारण नियमित प्रशिक्षण केंद्र में नहीं पहुंच सके लेकिन उनकी उपस्थिती इतनी है कि परीक्षा में बैठ सकते थे। विद्यार्थियों का आरोप है कि प्रिंसिपल ने द्वेष के कारण सभी कोपा के विद्यार्थी देवेंद्र कुमार, आदित्य कुमार,हरकेश सेलेंद्र, सिंह, राजीव, सुरेश, राजू सिंह, मनीषा धुर्वे, साक्षी, दिव्या यादव, रितु नायक, अंजलि सिंह, सुषमा, सुरेखा, सरस्वती, नीलम, आशी यादव, मनीषा चौहान को परीक्षा देने से वंचित किया गया है। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा फॉर्म भरने की समय 11 तारीख तक सीमित अगर परीक्षा से वंचित किया गया तो आंदोलन एवं चक्का जाम करेंगे।

इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। दुर्व्यवहार करने वाले प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

### घुमंतू पशुओं पर लगाया गया रेडियम स्टीकर

**राजपुर।** एनएच 343 मुख्य मार्ग में नगर पंचायत राजपुर की सड़क में घुमंतू पशुओ में पशुपालन विभाग राजपुर द्वारा बीती शाम सड़क दुर्घटना से बचने के लिए घूमने वाले पशुओं पर रेडियम स्टीकर लगाया गया।



राजपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएल राम ने बताया एनएच 343 मुख्य मार्ग राजपुर नगर पंचायत से होकर गुजरी है और यहां सड़क पर घुमंतू पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। शहर में घुमंतु पशुओं द्वारा सड़क पर सैकड़ों की संख्या डेरा जमाए रहते थे जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। दुर्घटनाओं से बचने हेतु आज सड़क पर घुमंतू पशुओं को पशुपालन विभाग द्वारा गल्ला और सिंग में रेडियम स्टीकर लगाया गया। पशुओं पर रेडियम स्टीकर लगने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बीती शाम सैकड़ों की संख्या में घुमंतू पशुओं पर लगाया गया है। इस दौरान डॉ. पुनीत तुर्की, देवकुमार, रविंद्र भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

### अंकुरण नहीं होने की शिकायत पर कृषि अधिकारी पहुंचे किसानों के खेत में

**लखनपुर।** ब्रांडेड कंपनियों के बीज में अंकुरण नहीं होने की शिकायत पर कृषि अधिकारियों की टीम स्थिति का जायजा लेने किसानों के खेत में पहुंची एवं किसानों से बीज कंपनी एवं विक्रेता की जानकारी ली। कृषि अधिकारियों की जांच में शिकायत सही निकली। ग्राम पंचायत लखनपुर, बंधा, गणेशपुर, गेरता आदि के बड़ी संख्या में किसानों ने महंगे दाम में ब्रांडेड कंपनी का धान बीज ब्रांड पान 2423, भीम गोल्ड 333 सहित अन्य किस्मो के बीज का थरहा लगाया था लेकिन बीजों का अंकुरण नहीं होने के कारण अब दोबारा थरहा लगाने की स्थिति निर्मित हो गई है। टीम में शामिल कृषि अधिकारी एम्परोस टोप्पो, अनुविभागीय अधिकारी विनायक पांडेय, निरीक्षक हरि सिंह, वरिष्ठ कृषि अधिकारी कमल सिंह पोर्ते ने किसानों के बीड़ा का निरीक्षण किया जिसमें शिकायत सही पाई गई। कई खेतों में मात्र 20 से 30 फीसदी अंकुरित पाए गए। अधिकारियों ने कृषक मंगल राम, जसीम खान, राजू दास, रूदन राजवाड़े, शमीम खान, आनंद राजवाड़े का बयान दर्ज किया तथा पंचनामा बनाया। अधिकारियों ने संबंधित कंपनी के धान बीज की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वापसी के दौरान अधिकारियों ने नगर के बीज दुकानों की जांच की तथा दुकानदारों के लाइसेंस, विक्रय किए गए जा रहे धान बीज एवं कंपनियों के संबंध में पूछताछ की।



## सर्वे के नाम पर सरगुजावासियों को भटका रहा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्किट हाऊस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए रेल संघर्ष समिति के मुकेश तिवारी ने कहा कि सरगुजा को बेहतर रेल मार्ग से जोड़ने की मांग 80 सालों से की जा रही हैं। रेलवे सर्वे की खानापूर्ति कर सरगुजा क्षेत्र के विकास की अवहेलना कर रहा है। रेलवे कभी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन का डबल लाइन तो कभी सिंगल लाइन सर्वे करा रहा है। इसके पूर्व भी रेलवे 2 दर्जन से अधिक सर्वे करा चुका है तथा हर सर्वे में इस परियोजना को अलाभकारी बताया है वर्तमान में रेलवे सरगुजा से संबंधित चार रेल मार्गों का सर्वे करा रहा है तथा किसी एक रेल परियोजना को स्वीकृति देने की बात कही है। ऐसे में अनेक मार्गों के सर्वे का उद्देश्य सरगुजावासियों की समझ से बाहर की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन सरगुजा के परिवहन जरूरतों के अनुकूल है। इससे क्षेत्र के युवाओं के उच्च शिक्षा, लोगों के उपचार एवं व्यवसाय के नए मार्ग खुलेंगे। इस परियोजना के समर्थन में 26 जुलाई 2024 को विधानसभा में संकल्प पारित किया था। पिछले साल के बजट में परियोजना को स्वीकृति मिलने की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हुई। आगामी बजट में इसकी स्वीकृति मिले इसके लिए हर स्तर पर पहल की जा रही है। प्रस्तावित परियोजना से कोयला, बाक्साइट सहित अन्य खनिजों के परिवहन से रेलवे को भी काफी लाभ होगा। अधिवक्ता मनोज तिवारी ने कहा कि झारखण्ड के एक विधायक ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिलकर अम्बिकापुर-गढ़वा एनएच को फोर लेन बनाने की स्वीकृति ले ली। हमारे जनप्रतिनिध भी केन्द्रीय मंत्री के समक्ष प्रमुखता से इस मांग को रखें एवं इसे आगामी बजट में शामिल कराने की पहल करें। उन्होंने अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल मार्ग से सरगुजावासियों को होने वाले सामाजिक, आर्थिक, व्यवसायिक एवं धार्मिक फायदों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। समिति के प्रभुनारायण वर्मा एवं शिवेश सिंह ने भी प्रस्तावित परियोजना के महत्व के बारे में चर्चा की। इस दौरान समिति के कैलाश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, आलोक तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- रेल सघर्ष समिति के सदस्यों ने की पत्रकार वार्ता




**समिति ने निकाली पदयात्रा, सौंपा ज्ञापन**

सरगुजा रेल संघर्ष समिति ने अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग लेकर महामाया चौक से घड़ी चौक तक पदयात्रा की एवं तहसीलदार को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल मार्ग की मांग को आगामी बजट में शामिल कर जल्द निर्माण प्रारंभ करने की मांग की गई है। रेल संघर्ष समिति ने महामाया चौक से चैम्बर ऑफ कामर्स, कैट सहित अन्य व्यापारिक संगठनों, अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों के साथ अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल निर्माण की माग लेकर पदयात्रा निकाली। इस दौरान शहरवासियों को पम्पलेट के माध्यम से प्रस्तावित रेल लाइन के महत्व से संबंधित तथ्यों से अवगत कराया गया। सदस्यों ने बताया कि अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट अक्टूबर 2023 में रेलवे बोर्ड को जमा कर दिया गया है प्रस्तावित रेल लाइन को आगामी बजट में शामिल करने के लिए समिति चरणबद्ध कार्यक्रम संचालित कर रही है। इस दौरान लोगों ने समिति की मांग का समर्थन किया।




## किसानों ने उठाया फसल बीमा योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपा में उपसंचालक कृषि संपदा पैंकरा के निर्देशन पर एनएमईओ योजना अंतर्गत 50 एकड़ भूमि हेतु प्रमाणित बीज का वितरण किया गया। संबोधन में जनपद सदस्य योगेंद्र सिंह ने कहा कि किसान हमारे देश का अन्नदाता है जो हमें भोजन प्रदान करता है हमें इनका सम्मान करना चाहिए और उनकी कड़ी मेहनत को महत्व देना चाहिए सभी उपस्थित कृषक समूह को मूंगफली की खेती अच्छे से करने का भी आग्रह उनके द्वारा किया गया।

कृषि स्थाई समिति सभापति के प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है हमारे छत्तीसगढ़ का मुख्य पारंपरिक व्यवसाय है किसानों का जीवन संघर्षों से भरा होता है फिर भी किसान हमें खुशी का स्वाद चखाते हैं उन्होंने कृषकों से वादा किया की फसल लगने के बाद भी फिर उनके खेतों में आयेंगे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धर्मजीत भगत ने बताया कि समय समय पर इस प्रकार का वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में किया जाएगा और मूंगफली फसल की निरंतर निगरानी विभाग के द्वारा किया जाएगा कृषि विस्तार अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि यह मूंगफली का प्रमाणित बीज हैदराबाद से चलकर यहां आया है और इस मूंगफली की अवधि 112 दिन की है मूंगफली का किस्म कादरी लिपाक्षी के 1812 है एवं यह मूंगफली सूखा बाढ़ एवं कई रोग कीट आदि के प्रति प्रतिरोधक क्षमता रखता है एवं इस मूंगफली की पैदावार प्रति हेक्टेयर लगभग 45 क्विंटल है कृषकों का मिट्टी परीक्षण भी करवाया जाना है।

## चिनिया मुख्य मार्ग से आवागमन शुरू, लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जल संसाधन संभाग अंतर्गत नहर निर्माण का कार्य के लिए महावीरगंज चिनिया मुख्य मार्ग को ठेकेदार द्वारा खोद कर धीमी गति से कार्य कराया जा रहा था जिससे लगभग 20 से 25 दिन से आवागमन बाधित था। मार्ग बाधित होने की समस्या को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी के तत्परता से तीन दिन के अंदर आगमन को सामान्य कराया गया। जिस क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली।

- नहर निर्माण के लिए खोद दी थी सड़क

गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण का कार्य 2 करोड़ 14 लाख रुपए लागत से कराया जा रहा है। यह कार्य अत्यंत मंथर गति से कराया जा रहा है। स्थिति यह है कि जो कार्य 9 महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था वह 36 महीने के बाद भी धीमी गति से ही चल रहा है। ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक बरसात के समय में नहर निर्माण के लिए महावीरगंज से चिनिया मुख्य मार्ग को खोद दिया गया था जिससे करीब 20 से 25 दिन से आवागमन बाधित हो गया था। यहां तक की पैदल चलना भी इस मार्ग से मुश्किल था। बस सहित बाइक व अन्य वाहन का जाना बंद हो गया था। इस बीच इस संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद विभाग के कार्य पर अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी की तत्परता से तीन दिनों के अंदर बाधित आवागमन को सामान्य किया गया।





## सड़क व चौपाटी की मरम्मत को लेकर सीएमओ को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के राधा कृष्ण मंदिर के समीप की गली, जो वर्ष 1990-91 में बनाई गई थी, अब बदहाल दौर से गुजर रही है, यहाँ लगभग तीन दशक से अधिक समय बीतने के बावजूद इस सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सीमेंट की परतें और जलनिकासी की कमी के कारण यह गली आज लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

बरसात के दिनों में यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। इस मुद्दे को लेकर नगर के जागरूक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभालते हुए शिवनंदनपुर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है,मामले में एनएसयुआई पदाधिकारी हर्ष दनौदिया ने कहा कि यह गली नगर के मध्य क्षेत्र में स्थित है और मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं की आवाजाही भी बनी रहती है। बावजूद इसके वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत की ओर न कोई ठोस पहल हुई और न ही जनप्रतिनिधियों ने इसे प्राथमिकता दी।उन्होंने बताया कि सिर्फ सड़क ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित होने वाली स्थानीय चौपाटी की भी स्थिति चिंताजनक है।असंगठित और अव्यवस्थित रूप में संचालित यह चौपाटी न केवल सौंदर्यहीन दिखती है, बल्कि यहां व्यापार कर रहे छोटे दुकानदारों को भी कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

चौपाटी को एक सुनियोजित और व्यवस्थित व्यवसाय स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई है, जिसमें उचित लाइटिंग सिस्टम, पेयजल की व्यवस्था, क्रांकिट फर्श का निर्माण तथा व्यवस्थित शेड और बैठने की व्यवस्था शामिल है। इस मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने नपं शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुंदन विश्वकर्मा, क्षितिज सिंह चंदेल, आकाश सिंह, कुणाल यादव और आदित्य विश्वकर्मा व अन्य शामिल रहे।



# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

## लाइफ Style



# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का



उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है। यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकार आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टी: एक नई पहचान :** मिट्टी: एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

## चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

*__मुंबई।__ 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होंगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

**खबर संक्षेप**

## प्रो. हिमधर को मिली पीएचडी की उपाधि



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो.एमसी हिमधर को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा (अंबिकापुर) द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है। प्रो. हिमधर ने अपने शोधकार्य में ग्रामीण विकास में सुराजी गांव योजना की भूमिका कोरिया जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत किया। यह शोधकार्य डॉ. आरएन कच्छप सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर के निर्देशन में पूर्ण हुआ। खुली मौखिकी परीक्षा पंडित दिनदयाल उपाध्याय सभागार विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इसमें कुलपति डॉ. पीपी सिंह, कुलसचिव डॉ. एसपी त्रिपाठी और बाह्य परीक्षक डॉ. विनोद कुमार श्रीवास्तव अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। प्रो. हिमधर ने अपने शोध प्रबंध की प्रस्तुति पीपीटी माध्यम से प्रभावी रूप में दी, जिसे उपस्थित विद्वानों एवं विशेषज्ञों द्वारा सराहा गया। मूल्यांकन के उपरांत कुलपति एवं कुलसचिव ने पीएचडी उपाधि की आधिकारिक अधिसूचना जारी कर सम्मानित किया।

## जिले में अब तक 295.8 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की भू-अभिलेख विभाग के द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार अब तक जिले में औसतन 295.8 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। बीते 24 घंटे में हालांकि केवल 0.4 मिमी वर्षा दर्ज की है, वहीं तहसीलवार वर्षा वितरण की बात करें तो भरतपुर तहसील में सबसे अधिक 364.2 मिमी बारिश हुई है, जो जिले में सबसे ऊपर है। इसके अलावा चिरमिरी में 335.7 मिमी, कोटाडोल में 320.1 मिमी, खड़गवां में 295.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़ में 246.1 मिमी और केल्हारी में 213.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग कोरिया द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल बैकुंठपुर में किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 7 जुलाई को किया गया था। यह कार्यक्रम कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षकों कुमार गौरव एवं श्रीमती खुशबू द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी उपायों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अतिरिक्त, श्रीमती दीपिका पटेल ने बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005, महतारी वंदन योजना, मातृत्व वंदन योजना, शक्ति सदन एवं बाल विवाह प्रतिषेध कानून की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा तकनीकों के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने के उपाय भी सिखाए गए। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी ने गुड टच - बैड टच के विषय में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक श्रीमती दीपिका पटेल, जेंडर विशेषज्ञ श्रीमती पुष्पा सिंह उपस्थित थे तथा विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार तिवारी, पीटी शिक्षक शैलेष तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

## शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत

**मनेन्द्रगढ़।** जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिछिया टोला के ग्राम भैंसा ताल में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर एमसीबी से मुलाकात कर लिखित शिकायत सौंपते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

### विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे स्वास्थ्य अधिकारी

# ड्यूटी से स्वास्थ्य कर्मी गैरहाजिर, कटेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह व उनकी टीम जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा करना एवं व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानना था। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर खांडा, गिरजापुर, महोरा, सरभोका तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टेंगनी का जायजा लिया गया। खांडा केन्द्र में साफ-सफाई, बागवानी व्यवस्था और फ्लेक्स बैनर को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।

गिरजापुर केन्द्र में आरसीएच रजिस्टर, एनसीडी रजिस्टर, औषधि संधारण एवं एचआरपी मरीजों की सूची का समुचित प्रबंधन न होने पर सुधारात्मक निर्देश दिए गए। इसी तरह टेंगनी केन्द्र में आईपीडी रजिस्टर, एएनसी जांच, दवा वितरण कक्ष, स्टोर एवं प्रसव कक्ष की जांच की गई। सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। प्रभारी को जरूरी व्यवस्थागत सुधार करने को कहा गया। वहीं सरभोका केन्द्र में एनसीडी रजिस्टर सहित अन्य दस्तावेजों का महीनों से संधारण नहीं किया गया था। साथ ही अस्पताल में पर्याप्त साफ-सफाई भी नहीं पाई गई। इस लापरवाही पर सभी संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सबसे गंभीर स्थिति महोरा केन्द्र में पाई गई, जहां निरीक्षण के समय एक भी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित नहीं था। इस पर उनके एक दिन का वेतन काटने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड निर्माण के लिए लक्ष्य के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही निरीक्षण दल ने पटना क्षेत्र की दवा दुकानों का भी जायजा लिया। दुकानों में सीसीटीवी कैमरा, नारकोटिक्स दवाओं का संधारण, क्रय-विक्रय बिल, एवं एक्सपायरी दवाओं की स्थिति की जांच की गई। सभी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे सक्रिय मिले। दुकानदारों को वैध प्रिस्क्रिप्शन के बिना दवा न देने एवं नारकोटिक दवाओं के संधारण में कठोरता बरतने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण दल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, औषधि निरीक्षक विकास लकड़ा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डायरिया रोकथाम को लेकर जागरूकता अभियान




**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्रई में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्टॉप डायरिया कैंपेन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम करना और लोगों को स्वच्छता, शुद्ध पेयजल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान विभागीय टीम ने ग्रामीणों को साफ-सफाई के महत्व, हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि, स्वच्छ जल के नियमित उपयोग और खुले में शौच से बचने जैसे अहम बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित लोगों को यह समझाया गया कि डायरिया जैसी बीमारियां गंदगी और असुरक्षित जल सेवन से होती है, जिन्हें केवल स्वच्छता और सतर्कता से रोका जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम के पुरूष, महिलाएं और बच्चे काफी संख्या में मौजूद रहे और उन्होंने विभाग द्वारा दी जा रही जानकारी को गंभीरता से सुना और समझा।

## एक सप्ताह से बीमार पड़ी नपा कर्मचारी को भेजा गया अस्पताल



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6, सुभाष नगर चौक के पास स्थित एसईसीएल बस स्टॉप पर एक बीमार महिला सफाई कर्मचारी को गंभीर अवस्था में पाया गया। महिला की पहचान कमला पति सुरेश मलिक उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई, जो नगर पालिका की सफाई कर्मचारी है और पिछले एक सप्ताह से बीमार अवस्था में सड़क किनारे पड़ी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला की हालत इतनी खराब थी कि उसके शरीर से सड़ांध आने लगी थी। दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इतने दिनों तक ना पति, ना बेटा-बहू और ना ही कोई रिश्तेदार उसकी देखभाल करने आया। यह स्थिति समाज में गहरी सामाजिक असंवेदनशीलता की ओर इशारा करती है। जब यह स्थिति सामने आई, तो हरिभूमि प्रतिनिधि ने तत्परता दिखाते हुए नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा एवं सफाई निरीक्षक हरीश जायसवाल को सूचना दी। इसके बाद नपा अधिकारी ने तत्काल सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते हुए महिला को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेजने की व्यवस्था करवाई। इसकी जानकारी मिलने पर वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद एवं समाजसेवी कुमुद मिश्रा मौके पर पहुंचे और एसईसीएल की एम्बुलेंस बुलाकर महिला को तुरंत अस्पताल भेजवाया।

# 13 हजार किसानों को 7750 मी.टन खाद वितरित



**बैकुण्ठपुर।** जिले में खेती किसानी जोर पकड़ चुका है। जिला प्रशासन लगातार किसानों को खाद, बीज वितरण व्यवस्था पर लगी हुई है। खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार इस खरीफ सीजन के लिए 67 करोड़ रूपए का ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है।

अब तक 12 हजार 843 किसानों को 31 करोड़ 2 लाख रूपए का कृषि ऋण वितरण किया जा चुका है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके 12:32:16, एनपीके 20:20:013, एनपीके, 19:19:19, एसएसपी व एमओपी खाद भंडारण का लक्ष्य 9 हजार 860 मी.टन है, जबकि 92 प्रतिशत खाद यानी 9 हजार 145 मी. टन खाद भंडारण हो चुका है और करीब 13 हजार किसानों को 84 प्रतिशत अर्थात 7 हजार 750 मी.टन खाद वितरण अब तक वितरण हो चुका है। फिलहाल जिले के विभिन्न सहकारी सेवा समितियों में लगभग 1400 मे. टन खाद उपलब्ध है, मांग के अनुरूप यूरिया, सुपर फास्फेट व पोटाश उपलब्ध है। इसी तरह बीज वितरण का लक्ष्य 389 मी.टन है। इनमें से 377 मी. टन भंडारण किया गया है जो कि 96 प्रतिशत है और 78 प्रतिशत यानी 294 मी.टन बीज का वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि साख समितियों में सुचारू पूर्वक खाद वितरण किया जा रहा है। उन्होंने सभी किसानों से कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी तरह की खाद की कालाबाजारी करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

# भाजपा मंडल शिवपुर-चरचा की बैठक



आयोजित बैठक

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल शिवपुर-चरचा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सर्टिक हाउस, चरचा कॉलरी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों और मंडल पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से कार्य करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों की समीक्षा की और आगामी कार्ययोजनाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी के विभिन्न अभियान जैसे सदस्यता अभियान, सेवा कार्य, जन संवाद आदि में सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल महामंत्री मुन्ना चक्रधारी, सचिन मलिक, श्याम नारायण यादव, धर्मपाल, संजय देवांगन, कुंडल साय कुजूर, धनेश्वरी राजवाड़े, झर्मिला देवी, हरिनारायण अग्रवाल, विश्वनाथ, आदित्य जायसवाल, प्रदीप गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरोजगार युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले के युवाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसके तहत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर में विभिन्न स्थानों पर सेक्टरवार कौशल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के योग्य बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से किया जाएगा। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत, सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्नीशियन, जल वितरण संचालक, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन इसके लिए 10 वीं पास जरूरी है। लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर (लेवल-3), योगा इंस्ट्रक्टर के लिए 8 वीं पास, मेसन जनरल (राज मिस्त्री) के लिए 5 वीं पास या साक्षर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के लिए 10 वीं पास, सोलर पंप टेक्नीशियन, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट के लिए 8 वीं पास कारपेंटर के लिए 5 वीं पास या साक्षर, एलईडी लाइट रिपेयर टेक्नीशियन के लिए आईटीआई पास होना आवश्यक है।

# सड़कों से हटाए जा रहे आवारा मवेशी



**बैकुण्ठपुर।** सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों को हटाने के लिए जनपद पंचायत का अमला सक्रिय हो गया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के सख्त निर्देशों के बाद यह अभियान तेजी से चलाया जा रहा है।

विगत दिनों समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने जनपद पंचायत, नगरीय निकायों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा था कि सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, विशेषकर रात्रि के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मवेशियों को सड़क से हटाया जाए और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर के इन निर्देशों का असर दिखने लगा है। जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ खैरवार ने जानकारी दी कि रात्रिकालीन गश्ती अभियान चलाकर जिला सत्र न्यायालय से खरवत चौक और ओढ़गी से जिला सत्र न्यायालय तक के मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि सड़क पर यातायात सुचारू रूप से संचालित हो और किसी को कोई असुविधा न हो।

# हाईस्कूल पिपरिया में प्लास्टिक एकत्रीकरण




**मनेन्द्रगढ़।** जिला पंचायत जिला स्वच्छ भारत मिशन एमसीबी के अंतर्गत जिले के समस्त विद्यालय में एक उपयोगी प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पिपरिया में प्राचार्य डॉ.विनोद पांडेय ने छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण व पर्यावरण के नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कुरकुरे, बिस्किट, मसाला, सब्जी आदि के रेपर को इकट्ठा करने तथा विद्यालय आते समय रास्ते में मिलने वाले प्लास्टिक को विद्यालय लाने को कहा तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई साथ ही जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम हाई स्कूल पिपरिया के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्ती लेकर रैली निकाले व प्लास्टिक मुक्त बनाने नारे लगाए तत्पश्चात विशाल मानव श्रृंखला बनाया तथा स्वच्छता का संदेश दिया।







**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुंठपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. आरिफ इराकी आ. सफीक इराकी जाति मुसलमान, निवासी ग्राम शिवपुर चरचा तहसील बैकुंठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बैकुंठपुर प.ह.नं.-09 स्थित ख.नं. 76/53, 76/78 रकबा क्रमशः 0.014 हे. एवं 0.012 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 21/7/2025 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 7/7/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

**सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया**

**आम इस्तिहार**

**मैं मोहम्मद रजा आ. श्री शेख अली उल्लाह निवासी हाउस नंबर 17 स्कूल पारा सरभोका पो. नागपुर तहसील मेनन्द्रगढ़ जिला एम.सी.बी. छ.ग. का इस इस्तिहार के जरिए आम जन को सूचित करता हू कि मेरा नाम मोहम्मद रजा आ. श्री शेष अली उल्लाह है जो मेरे समस्त रिकार्ड में दर्ज है लेकिन मेरे वाहन चालन अनुज्ञप्ति में मेरा नाम मोहम्मद रजा सिद्दीकी आत्मजा अली उल्लाह सिद्दकी दर्ज हो गया है जो गलत है जिसमें सुधार हेतु यह इस्तिहार जारी कर रहा हू कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इसमें किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर जिला परिवहन अधिकारी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे।**

**मोहम्मद रजा**

## पृष्ठ 1 का शेष

### श्रमिकों के हड़ताल से ...

ब्लॉकों की नीलामी नीति का विरोध, एमडीओ (माइन डेवलपर ऑपरेटर) और रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के खिलाफ, ठेका मजदूरों को एचपीसी (हाई पावर्ड कमेटी) के तहत भुगतान की मांग शामिल हैं। सरकार एक ओर जहां श्रमिकों की सेवानिवृत्ति के बाद भर्तियां नहीं कर रही, वहीं दूसरी ओर निजीकरण की रफ्तार तेज कर कोल इंडिया की सार्वजनिक छवि को कमजोर कर रही है। यूनियनों ने चेतावनी दी कि यदि नीतियों में बदलाव नहीं हुआ तो आगे उग्र आंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है। हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं अनुशासित रही, लेकिन इससे एसईसीएल को लाखों का नुकसान हुआ है। अब सवाल यह है कि केन्द्र सरकार श्रमिक संगठनों की मांगों पर पुनर्विचार करती है या नहीं, यह आने वाला समय बताएगा।

### हड़ताल के दौरान...

वंश गोपाल, राजेश अग्निहोत्री, राजदेव राम, दिलीप पासवान सहित अन्य ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों को कोल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा धमकी दी गई कि अगर ट्रांसपोर्टिंग रोकी गई तो एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। आंदोलनकारी पहले ही दो दिन पूर्व मुनादी कराकर खदान बंद करने की घोषणा कर चुके थे।

प्रमुख मांगे जिनको लेकर हो रही थी हड़ताल- श्रम संहिताओं में संशोधन के खिलाफ, कोल कंपनियों के निजीकरण का विरोध, ठेका श्रमिकों को एचपीसी के तहत भुगतान की मांग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों से जुड़ी संहिताओं में बदलाव का विरोध मांगे शामिल रही। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी जमीन के बदले नौकरी की मांग कर रहे ग्रामीणों पर इसी प्रकार ट्रकों को चढ़ाया गया था, जिससे अब ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया है।

### पीएम पोषण निर्माण...

अवसरों पर और भी अधिक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने इसे शिक्षकों और विद्यार्थियों के आपसी रिश्तों को मधुर बनाने वाला कार्यक्रम बताया और सभी छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पार्षद श्रीमती शिल्पी गुप्ता, एसएमडी अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी, श्रीमती धर्मवती रजवाड़े, एसएमडीसी सदस्य महेन्द्र बैद्य पार्षद श्रीमती साधना जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय प्रकाश तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक निलेश शुक्ला, एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट, सहायक परियोजना अधिकारी जयनाथ बाजपेयी, संकुल समन्वयक संजय यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### मतदाता सूची में...

महाविद्यालय की प्राचार्य ने सभी छात्राओं और स्टाफ को पूर्ण और निर्भीक मतदान की शपथ दिलाई। जो छात्राएं 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी हैं और अभी तक मतदाता सूची में जिनका नाम नहीं जुड़ा है।

